RNI NO. - CHHHIN/2011/38292



13 वर्ष निर्भीक पत्रकारिता के

अब 14 वें वर्ष की ओर

पाठकों/दर्शकों का असीम स्नेह

हो जाओ सावधान



Bharatsamman.com Bharat samman Bharat Samman

वर्ष-14 अंक-13 | अम्बिकापुर, शनिवार, 20 अप्रैल 2024 | कुल पृष्ठ-4 मूल्य-1.00 रू.

# लोकसभा चुनाव 2024: पहले चरण का मतदान हुआ संपन्न

## राजस्थान-एमपी में गिरा वोटिंग परसेंटेज, बंगाल में बढ़ा

**नई दिल्ली।** पहले दौर का मतदान संपन्न हो गया है, 21 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 102 निर्वाचन क्षेत्रों में मतदान हुआ। 16.63 करोड़ मतदाताओं के पास आज अपना प्रतिनिधि चुनने का मौका था। ज्यादातर जगहों पर शाम 6 बजे तक वोटिंग प्रक्रिया खत्म हो गई है। हालांकि कई मतदान केंद्रों पर अब भी लंबी लाइन लगी हुई है।



लोकसभा चुनाव 2024 के पहले चरण का मतदान आज सुबह शुरू होने के कुछ घंटों बाद, विभिन्न राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में दोपहर 3 बजे तक लगभग 49.78% मतदान दर्ज किया गया है। पहले दौर के मतदान में, वर्तमान में 21 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 102 निर्वाचन क्षेत्रों में मतदान संपन्न हो गया है। इसमें जम्मू-कश्मीर से लेकर अंडमान-निकोबार, बिहार से लेकर लक्षद्वीप और महाराष्ट्र से लेकर मिजोरम तक की जगहें शामिल हैं। भारत के चुनाव आयोग ने चरण 1 के लिए 16.63 करोड़ पात्र मतदाताओं की रिपोर्ट दी है। इसमें 35 लाख लोग शामिल हैं जो पहली बार मतदान कर रहे हैं और 20-29 वर्ष के बीच के 3.51 करोड़ युवा मतदाता हैं। वे सुबह 7 बजे से देश भर के 1.87 लाख मतदान केंद्रों पर मतदान करेंगे। वे 1,625 उम्मीदवारों में से चुनेंगे, जिनमें केंद्रीय मंत्री, एक पूर्व राज्यपाल और दो पूर्व मुख्यमंत्रियों जैसे कई बड़े नाम शामिल हैं।

### राजस्थान में कितना हुआ मतदान

राजस्थान की 12 लोकसभा सीटों पर शाम 5 बजे तक 50.27 फीसदी वोटिंग हुई। सुबह से लगातार सबसे ज्यादा गंगानगर में 60. 29% मतदान हुआ, जबकि सबसे कम 42.53% वोटिंग करौली-धौलपुर में हुई। हालांकि फाइनल आंकड़े आने पर मतदान प्रतिशत बढ़ेगा।

### मध्यप्रदेश में कितना हुआ मतदान

मध्यप्रदेश की 6 सीटों पर शाम 5 बजे तक 63.25 प्रतिशत मतदान हो चुका है। लेकिन अभी कई बूथों पर मतदान जारी है। इसलिए यह अंतिम मतदान प्रतिशत नहीं है, इसमें अभी और बढोतरी होगी।

बालाघाट- 71.08 प्रतिशत

छिंदवाड़ा- 73.85 प्रतिशत

जबलपुर- 56.74 प्रतिशत

मंडला- 68.31 प्रतिशत

शहडोल- 59.91 प्रतिशत

सीधी- 51.24 प्रतिशत

# मणिपुर में फायरिंग में तीन लोग घायल, उत्तराखंड में ईवीएम तोड़ी



**नई दिल्ली।** लोकसभा के पहले चरण के चुनाव में 21 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की 102 सीटों पर मतदान हो रहा है। सीटों के हिसाब से यह सबसे बड़ा फेज है। वोटिंग शाम 6 बजे तक चलेगी। इस दौरान देशभर में मतदान केंद्रों पर हिंसा और मारपीट की घटनाएं सामने आ रही है। वोटिंग के दौरान मणिपुर के बिष्णुपुर में फायरिंग, बंगाल के कूचबिहार हिंसा और छत्तीसगढ़ के बीजापुर में ग्रेनेड ब्लास्ट हुआ है। मणिपुर के बिष्णुपुर में फायरिंग में तीन लोगों के घायल होने की भी सूचना है। वहीं, बंगाल में टीएमसी और बीजेपी कार्यकर्ताओं के बीच मारपीट भी हुई है। इसके अलावा उत्तराखंड में मतदाता ने EVM तोड़ी। बता दें कि 2019 में इन 102 लोकसभा सीटों पर भाजपा ने 40, DMK ने 24, कांग्रेस ने 15 सीटें जीती थीं। अन्य को 23 सीटें मिली थीं। इस फेज में अधिकतर सीटों पर मुकाबला इन्हीं 3 दलों के बीच है। फर्स्ट फेज में 1,625 कैंडिडेट्स चुनाव लड़ रहे हैं। इनमें 1,491 पुरुष, 134 महिला कैंडिडेट हैं। 8 केंद्रीय मंत्री, एक पूर्व मुख्यमंत्री और एक पूर्व राज्यपाल भी इस बार चुनाव मैदान में हैं। इस फेज के बाद 26 अप्रैल को दूसरे फेज की वोटिंग होगी। कुल 7 फेज में 543 सीटों पर 1 जून को मतदान खत्म होगा। सभी सीटों के रिजल्ट 4 जून को आएंगे।

### आप नेता ने प्रधानमंत्री पर लगाए गंभीर आरोप

# अरविंद केजरीवाल को जेल में मारने की साजिश रच रहे पीएम मोदी

**नई दिल्ली।** दिल्ली शराब घोटाले में आरोपों का सामना कर रहे सूबे के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की सुरक्षा को लेकर आम आदमी पार्टी की नेता ने प्रधानमंत्री मोदी को घेरा। शुक्रवार को मीडिया से बात करते हुए दिल्ली सरकार में मंत्री अतिशि ने तिहाड़ जेल प्रशासन और ईडी पर कई आरोप लगाए हैं।

### जेल में बंद केजरीवाल को दवाई नहीं देने दे रहे प्रधानमंत्री मोदी



अतिशि ने प्रधानमंत्री मोदी पर निशाना साधते हुए कहा कि स्वतंत्र भारत के इतिहास में ऐसा पहली बार हुआ होगा कि जेल में बंद किसी व्यक्ति को दवाई लेने से रोका जा रहा है। किस कानूनी प्रावधान के तहत तिहाड़ जेल प्रशासन ईडी को अरविंद केजरीवाल से जुड़ी सारी जानकारी मुहैया करवा रही है। अगर तिहाड़ जेल प्रशासन को केजरीवाल से जुड़ी कोई जानकारी देनी भी है तो वह कोर्ट को दे सकती है।

### अरविंद केजरीवाल को जेल में मारने की कोशिश कर रहे मोदी

अतिशि ने प्रधानमंत्री मोदी पर निशाना साधते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी और दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना के इशारे पर अरविंद केजरीवाल को जेल में दवाई देने से रोका जा रहा है। प्रधानमंत्री मोदी जेल में बंद आप संयोजक को मारने की साजिश रच रहे हैं।

# चुनाव के दौरान यात्राओं की अनुमति पर तीन दिन के भीतर फैसला लें : सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने चुनाव के दौरान किसी भी सभा पर रोक लगाने के व्यापक आदेश जारी किए जाने पर शुक्रवार को आश्चर्य व्यक्त किया और सक्षम अधिकारियों को मौजूदा आम चुनावों के दौरान 'यात्राएं' आयोजित करने की अनुमति के लिए किसी भी व्यक्ति की ओर से की गयी याचिका पर तीन दिन के भीतर निर्णय लेने का निर्देश दिया। न्यायमूर्ति बी आर गवई और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने सामाजिक कार्यकर्ता अरुणा रॉय और निखिल डे की याचिका पर यह निर्देश दिया। पीठ के समक्ष याचिकाकर्ता सुश्री रॉय और डे की ओर से पेश अधिवक्ता प्रशांत भूषण ने दावा किया कि चुनाव आयोग ने आम चुनाव होने तक सभी सभाओं, बैठकों, प्रदर्शनों आदि पर रोक लगा दी है। पीठ ने आश्चर्य व्यक्त करते हुए पूछा, ऐसा आदेश कैसे जारी किया जा सकता है। भूषण ने संविधान पीठ के पहले के फैसलों का जिक्र करते हुए कहा कि जब तक शांति भंग होने की कोई ठोस वास्तविक आशंका न हो,



सीआरपीसी की धारा 144 के तहत कोई आदेश जारी नहीं किया जा सकता है। पीठ के कहने पर भूषण ने अदालत में ऐसा ही एक नोटिस को पढ़ा। उन्होंने (श्री भूषण) बाड़मेर में जारी एक नोटिस का हवाला देते हुए कहा, बाड़मेर के जिला मजिस्ट्रेट द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि ईसीआई द्वारा लोकसभा चुनावों की (16 मार्च को) घोषणा की गई है। ईसीआई के निर्देशों के अनुसार, लोकसभा चुनाव शांतिपूर्ण ढंग से कराए जाने चाहिए। कोई भी व्यक्ति संबंधित चुनाव अधिकारी की पूर्व अनुमति के बिना जुलूस या सार्वजनिक बैठक का आयोजन नहीं कर सकेगा, लेकिन यह प्रतिबंध विवाह समारोह और अंतिम यात्रा पर लागू नहीं होगा। भूषण ने कहा कि याचिकाकर्ताओं ने निर्वाचन क्षेत्रों में मतदाताओं को उनके लोकतांत्रिक अधिकारों आदि का प्रयोग करने के लिए जागरूक करने के वास्ते लोकतंत्र यात्रा/सार्वजनिक बैठक निकालने की अनुमति के लिए आवेदन किया था। उन्होंने कहा, पिछली बार नवंबर और दिसंबर में हुए विधानसभा चुनाव में हमने यही अनुमति मांगी थी। हमें अनुमति नहीं दी गई थी और अब फिर कोई अनुमति नहीं दी गई है। 48 घंटे के भीतर उन्हें कम से कम अनुमति के लिए आवेदन पर निर्णय लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि अदालत को एक आदेश पारित करना चाहिए जो पूरे देश पर लागू हो। इस पर पीठ ने कहा, हम एक अंतरिम आदेश द्वारा निर्देश देते हैं कि यदि किसी व्यक्ति द्वारा सक्षम अधिकारियों को कोई आवेदन किया जाता है तो ऐसे आवेदन के तीन दिन के भीतर उस पर निर्णय लिया जाएगा। शीर्ष अदालत इस मामले में अगली सुनवाई दो सप्ताह के बाद करेगी।



12 वर्ष निर्भीक पत्रकारिता के

'सत्ता की चाटुकारिता नहीं जनपक्षीय पत्रकारिता'



आमजन, गरीब-मज़लूमों पर होने वाले अत्याचार के विरुद्ध क्रांतिकारी पत्रकारिता का नाम है भारत सम्मान, जब शासन-सत्ता में बैठे ऐसे लोग जो पद-पावर के नशे में चूर होकर करते हैं अपने कर्तव्यपालन में चूक तो भारत सम्मान करता है उन्हें दुरुस्त...

2011 से भारत सम्मान आगे बढ़ रहा है और मिसाल क़ायम कर रहा है ईमानदार पत्रकारिता की..

भारत सम्मान दैनिक समाचार पत्र के साथ-साथ वेबसाईट - www.bharatsamman.com, फेसबुक पेज - Bharat Samman व यू-ट्यूब - Bharat Samman News के माध्यम से जनहित के खबरों को प्राथमिकता देते हैं। हमारा दावा है यदि आप पर ज़ुल्म हुआ है, आप न्याय के लिए कर रहे हैं संघर्ष तो केवल एक ही नाम आपको याद होना चाहिए...

भारत सम्मान

इसी क्रांतिकारी मुहिम से निम्न जगहों पर जुड़ने के लिए सम्पर्क करें

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, दिल्ली, हरियाणा, पंजाब, हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर, राजस्थान, गुजरात, महाराष्ट्र, गोवा, उत्तर प्रदेश, उतराखण्ड, बिहार, बंगाल व देश के सभी राज्यों में ब्यूरो व संवाददाता बनने संपर्क कर सकते हैं।

इन पदों में होंगे नियुक्त...

1 - राज्य ब्यूरो प्रमुख
2 - राज्य अपराध ब्यूरो प्रमुख
3 - जिला ब्यूरो प्रमुख
4 - जिला अपराध ब्यूरो प्रमुख
5 - तहसील संवाददाता
6 - तहसील अपराध संवाददाता

अपना फोटो लगा बायोडाटा हमारी ई-मेल आईडी bharatsammannews@gmail.com या व्हाट्सएप्प No. 09303890212 पर भेजे।

नोट

1. केवल ईमानदार लोग ही संपर्क करें, पत्रकारिता के नाम पर वसूली करने अथवा ब्लैकमेल करने वालों से हमारा कोई वास्ता नहीं
2. यहां नौकरी नहीं दी जाती है, यदि हमारे संस्था के नाम का गलत इस्तेमाल करता है, तो हमारे द्वारा जारी नंबर पर शिकायत जरूर करें।

प्रसार/प्रबंध
सम्पादक
भारत सम्मान न्यूज नेटवर्क
094242 62547
09303890212

RNI No. CHHHIN/2011/38292
भारत सम्मान NEWS
अम्बिकापुर, शनिवार, 20 अप्रैल 2024


## संपादकीय

### राजनीतिक और लोकतांत्रिक सत्ता का सबसे बड़ा भागीदार प्रदेश

देश में राजनीतिक और लोकतांत्रिक सत्ता का उत्तर प्रदेश सबसे बड़ा भागीदार प्रदेश है, जहां की 80 सीट देश का भाग्य तय करती हैं। कहा जाता है कि दिल्ली का रास्ता उत्तर प्रदेश से होकर जाता है। आज तक देश के जितने भी प्रधानमंत्री हुए हैं, उनमें से आधे उत्तर प्रदेश से रहे। पिछले दो चुनावों में उत्तर प्रदेश ने भाजपा के लिए आधार का काम किया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी लगातार दो बार से बनारस से सांसद हैं। इस बार उत्तर प्रदेश बहुत खामोश है। यह खामोशी सभी दलों को बेचैन किए हुए है। राजनीतिक पंडितों का मानना है की अगर मतदाता का रुझान सत्ता की तरफ होता है तो वो चुनाव शुरू होने के साथ ही दिखाई देने लगता है। ज्यों-ज्यों चुनाव उठान लेता है, सत्ता समर्थक मतदाता ज्यादा मुखर होता जाता है। इस बार वो या तो खामोश है, या अलग-अलग खांचे में सत्ता से जुड़े प्रत्याशियों के प्रति नाराजगी जता रहा है। भाजपा ने अपने काफी सांसदों को फिर से टिकट दिया है। इनमें से अधिकांश जीतने के बाद लौट कर अपने क्षेत्र में गए ही नहीं या जिस केंद्रीकृत तरीके से भाजपा की सत्ता चल रही है, और उसमें केंद्र तथा प्रदेश के चंद लोगों को छोड़ कर किसी की भी प्रभावी भूमिका नहीं है। यहां तक कि मंत्री, सांसद और विधायक का अधिकारी या दरोगा फोन तक उठाने की जहमत नहीं करते। जनप्रतिनिधि जनता या कार्यकर्ता की आवश्यक मदद करने में असफल रहे हैं, और इसलिए भी लोगों से कटे रहे। इसलिए उनका क्षेत्र में जबरदस्त विरोध है। एक दूसरा विरोध, जो बड़े पैमाने पर हाल में दिखा, सहारनपुर में हुआ जब क्षत्रिय समाज ने विशाल सम्मेलन किया जिसमें भाजपा का विरोध करने का फैसला किया गया। कुछ राजनीतिक पंडित मानते हैं कि अज्ञात कारणों से एक हवा चल गई है कि यदि केंद्र में दुबारा मोदी सरकार आ गई तो उसमें न तो राजनाथ सिंह के लिए स्थान होगा और न गडकरी के लिए और उससे भी ज्यादा चर्चा व्यापक है कि उस स्थिति में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को भी मोदी और अमित शाह तुरंत हटा देंगे क्योंकि योगी इन लोगों के सामने मजबूत विकल्प के रूप में उठ खड़े हुए हैं। इस अफवाह का असर भी मतदाता के एक बड़े वर्ग को प्रभावित करता दिख रहा है। इस बार के चुनाव को अचानक उठ खड़े हुए इलेक्टोरल बॉन्ड के बवंडर ने भी ग्रहण लगा दिया है। इसके उजागर होने के बाद पीएमकेयर फंड को लेकर शंका के बादल घुमड़ने लगे हैं। देखा गया है कि जब भी कोई सत्ता नौकरशाही और व्यवस्था को सारी ताकत सौंप कर खुद को सुरक्षित समझने लगती है, दरअसल तभी वो ज्यादा असुरक्षित हो जाती है क्योंकि राजनीति नेता या कार्यकर्ता, कैसा भी हो, को जनता का लिहाज करना ही होता है। दरवाजे पर आए व्यक्ति के लिए निकलना ही होता है। नौकरशाही के साथ ऐसी कोई मजबूरी नहीं है। जनता के साथ उनके व्यवहार का खमियाजा सरकार को भुगतना पड़ता है। यही स्थिति इस बार नासूर जैसी दिख रही है। उत्तर प्रदेश में कैराना से इकरा हसन, सहारनपुर से इमरान मसूद, आजमगढ़ से धर्मेंद्र यादव, बदायूं से शिवपाल यादव के पुत्र, मैनपुरी से डिंपल यादव, बांदा से शिवशंकर पटेल, बिजनौर से यशवीर सिंह, हाथरस से जसवीर बाल्मिकी, फतेहपुर सीकरी से भाजपा विधायक चौधरी बाबू लाल के पुत्र रामेर सिंह, अलीगढ़ से बृजेंद्र सिंह, लालगंज से दरोगा सरोज, मछली शहर से तूफानी सरोज, फरूखाबाद से डॉ. नवल किशोर शाक्य, फिरोजाबाद से अक्षय यादव, बरेली से प्रवीण सिंह ऐरन, मुजफ्फरनगर से हरेंद्र मलिक, रामपुर से विपक्षी प्रत्याशी, अमरोहा से दानिश अली, कानपुर से आलोक मिश्र, उन्नाव से अनु टंडन, गाजीपुर से अफजाल अंसारी, अंबेडकर नगर से लालजी वर्मा, गोंडा से श्रेया वर्मा, घोसी से राजीव राय, बासगांव से सफल प्रसाद, बस्ती से राम प्रसाद चौधरी, संभल से जियाउर्रहमान वर्क सहित मुलायम सिंह यादव के परिवार वाली अन्य सीट तथा अमेठी और रायबरेली सहित करीब 45 सीटें ऐसी हैं, जो सत्ताधारियों के लिए कठिन डगर साबित हो रही हैं, और ये विपक्षी उम्मीदवार चुनौती देते दिख रहे हैं, तो भाजपा के नाराज लोग भितरघात करते भी दिखलाई पड़ रहे हैं। गौर करने की बात है कि जहां 2014 में भाजपा 71 सीट जीती थी, वहीं 2019 में पुलवामा और बालाकोट की लहर के बावजूद उत्तर प्रदेश में उसकी सीट घट कर 62 हो गई थीं, इस बार तो कोई लहर भी नहीं है। इस कारण लगता है कि मतदाता ने खामोशी बरतते हुए मतदान के दिन ही फैसला सुनाने का निश्चय कर लिया है। राजनीतिक पंडितों की भविष्यवाणियां और समीक्षकों की समीक्षा तथा एग्जिट पोल वालों को अक्सर मतदाता झुठलाता दिखता रहा है। बहरहाल, हमें 4 जून का इंतजार करना होगा और उसका इंतजार भविष्य को भी है, और भारत में रुचि रखने वाली दुनिया में भी सभी को।

# ओडिसा के शर्धा महानदी घाट में नाव पलटी

## रायगढ़ के अंजोरीपाली व कोतरलिया के लोग थे सवार



**रायगढ़।** शुक्रवार की दोपहर शर्धा महानदी घाट में श्रद्धालुओं से भरी नाव पलटने के बाद अफरा-तफरी की स्थिति निर्मित हो गई। इस घटना में एक महिला की अभी तक मौत की खबर सामने आ रही है जबकि 8 लोग अभी तक लापता है। मामला ओडिसा के रेंगाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचगांव की है। जो कि रायगढ़ जिले से सटा हुआ है। और इस नाव में रायगढ़ के खरसिया थाना अंतर्गत ग्राम अंजोरीपाली तथा चक्रधर नगर क्षेत्र के कोतरलिया के दर्जनो लोग सवार थे जिसमें महिलाएं व बच्चे भी शामिल थे।

जानकारी के अनुसार ओडिसा के झारसुगुड़ा जिले के रेंगाली थाना अंतर्गत आने वाले पंचगांव के शर्धा महानदी घाट में रायगढ़ जिले के चक्रधर नगर थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम कोतरलिया निवासी गंगाराम लोहार के यहां खरसिया विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले अंजोरीपाली गांव से 50 लोग पहुंचे थे जहां से सभी एक साथ ओडिसा के पंचगांव में स्थित पथरसेनी मंदिर दर्शन करने गए हुए थे। जहां से वापसी के दौरान 70 से अधिक लोग एक नाव में सवार होकर वापस आ रहे थे इसी बीच जब वे किनारे के पास पहुंचने ही वाले ही थे कि नाव काफी जर्जर होनें की स्थिति में अचानक बीच से टूट गई जिसके बाद नाव में सवार सभी 70 लोग एकाएक गहरे पानी में समा गए और फिर मौके पर अफरा-तफरी की स्थिति निर्मित हो गई। लोग अपनी जान बचाने हाथ-पाव मारते हुए कुछ लोग किसी तरह बाहर निकले तो इस घटना में अभी तक एक महिला की पानी में डूबने से मौत हो गई वहीं अभी भी 8 लोगों के लापता होनें की जानकारी सामने आ रही है।

### रेस्क्यू आपरेशन जारी

घटना की जानकारी मिलते ही ओडिसा पुलिस के अलावा रायगढ़ जिले की पुलिस टीम के अलावा प्रशासनिक टीम मौके पर पहुंचकर गोताखोरों एवं स्थानीय लोगों की मदद से लापता लोगों को तलाशने रेस्क्यू आपरेशन में जुट गई है।

### वापसी के दौरान हुआ हादसा

ओडिसा के झारसुगुडा जिले में स्थित पथरसैनी मंदिर में मन्नत पूरी होनें के बाद एक ही नाव में सवार होकर बकरा लेकर 70 लोग गए हुए थे जिसमें से कोतरलिया एवं खरसिया विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले अंजोरीपाली लोग नाव में सवार थे। मंदिर में पूजा पाठ करके वापसी के दौरान यह घटना घटित हुई।

### ओडिशा सरकार ने की मृतक के परिजनों को अनुग्रह राशि देने की घोषणा

हीराकुंड जलाशय के अपस्ट्रीम नदी में नाव डूबने की घटना पर मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने गहरा दुख व्यक्त किया है। उन्होंने शोक संतप्त परिवारों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए मृतकों के परिजनों को चार-चार लाख की अनुग्रह राशि देने की भी घोषणा की। इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने जिला प्रशासन को बचाए गए सभी लोगों का समुचित इलाज कराने का निर्देश दिया और उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। बचाव कार्यों के लिए 5 स्कूबा ड्राइवरों और 2 खोज कैमरों को हवाई मार्ग से भेजा गया है।



## नाव दुर्घटना से सुरक्षित बचाए गए 50 लोगों को बस से वापस उनके गांवों के लिए कलेक्टर-एसपी ने किया रवाना

### गांव में मेडिकल टीम को तैनात रहने के निर्देश, पहुंचने पर होगी स्वास्थ्य जांच, 43 अंजोरीपाली और 7 कोतरलिया के निवासियों को किया गया रवाना

**रायगढ़।** महानदी नाव दुर्घटना से सुरक्षित बचाए गए 50 लोगों को बस से वापस उनके गांव रवाना कर दिया गया है। कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल, पुलिस अधीक्षक श्री दिव्यांग पटेल और सीईओ जिला पंचायत श्री जितेन्द्र यादव ने ग्रामीणों से बात चीत की और स्वास्थ्य की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि प्रशासन की टीम भी आपके साथ जा रही है। तहसीलदार खरसिया को ग्रामीणों के साथ भेजा गया है। बस से रवाना किए ग्रामीणों में 43 अंजोरीपाली और 7 कोतरलिया के हैं।

## ओडिशा के झारसागुड़ा में महानदी में हुए नाव हादसे पर मुख्यमंत्री ने जताया दुख, रेस्क्यू के लिए दिए आवश्यक निर्देश



**रायपुर।** ओडिशा के झारसागुड़ा में महानदी में नाव पलटने से हुए एक व्यक्ति के निधन पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने संवेदना व्यक्त की है। उन्होंने रायगढ़ जिला प्रशासन को झारसुगुड़ा प्रशासन के साथ मिलकर रेस्क्यू करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि - ओडिशा के झारसुगुड़ा जिले के शरदा गांव के पास पत्थर सेनी मंदिर स्थित महानदी में नाव डूबने की एक व्यक्ति के निधन की दुःखद सूचना प्राप्त हो रही है। जबकि 45 लोगों का रेस्क्यू कर लिया गया है। 6 अभी भी लापता हैं, जिनकी तलाश की जा रही है। झारसुगुड़ा प्रशासन और रायगढ़ जिला प्रशासन के बीच सामंजस्य स्थापित हो चुका है। रायगढ़ जिला प्रशासन को आवश्यक निर्देश दे दिए गए है। घटना स्थल पर बस की व्यवस्था कर रेस्क्यू से बचाए गए लोगों को वापस खरसिया स्थित अंजोरपाली एवं अन्य गांव लाने की व्यवस्था कर दी गई है। मैं ईश्वर से दिवंगत के शोक संतप्त परिजनों को संबल प्रदान करने की प्रार्थना करता हूँ। गौरतलब है कि आज दोपहर उड़ीसा के महानदी में एक नाव दुर्घटना घटित हुई। जिसकी प्रारंभिक जानकारी आने पर पता चला है कि घटना में रायगढ़ जिले के निवासी भी शामिल हैं। घटना की सूचना मिलने मिलने पर मुख्यमंत्री के निर्देश पर रायगढ़ कलेक्टर श्री कार्तिकेय गोयल एवं पुलिस अधीक्षक श्री दिव्यांग पटेल, सीईओ जिला पंचायत श्री जितेन्द्र यादव घटनास्थल के लिए रवाना हो गये हैं। घटना स्थल पर झारसुगुड़ा जिला प्रशासन व पुलिस के अधिकारी मौजूद है तथा राहत एवं बचाव कार्य जारी है।

## बिलासपुर में कांग्रेस को लगा एक और झटका, लोकसभा चुनाव संयोजक संतोष कौशिक ने थामा भाजपा का दामन



**तखतपुर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कांग्रेस नेता व बिलासपुर लोकसभा चुनाव संयोजक संतोष कौशिक को भाजपा में प्रवेश कराया है. तखतपुर विधायक धर्मजीत सिंह की अगुवाई में संतोष कौशिक, तखतपुर जनपद पंचायत अध्यक्ष राजेश्वरी जुगल कौशिक, जनपद उपाध्यक्ष दिव्या नितेश मिश्रा, पूर्व जनपद अध्यक्ष दिनेश कौशिक, जनपद सदस्य रवि सोनी, पूर्व जनपद सदस्य राकेश तिवारी समेत आधा दर्जन कांग्रेसियों ने भाजपा का दामन थामा है. संतोष कौशिक तीन बार तखतपुर विधानसभा सीट से चुनाव लड़ चुके हैं चुनाव. इसमें 2008, 2013 में बसपा से और 2018 में जेसीसीजे से किस्मत अजमा चुके हैं. संतोष कौशिक कुर्मी समाज के वर्चस्वधारी नेता हैं.



### पत्रकार से मारपीट

**रायपुर।** अशोका बिरयानी तेलीबांधा के कर्मचारियों ने कवरेज करने पहुंचे एक पत्रकार से मारपीट कर कैमरा तोड़ दिए। प्रार्थी की शिकायत पर तेलीबांधा पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी रविशंकर मिरी 27 वर्ष एक पत्रकार है। वह अशोका बिरयानी में समाचार कवरेज करने गया था। तभी होटल के कर्मचारी आरोपिया रूबिना सहित अन्य ने प्रार्थी से गाली-गलौज कर मारपीट किए और कैमरा को तोड़ दिया। प्रार्थी की शिकायत पर तेलीबांधा पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 294, 506, 323, 427, 34 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

# सीएम साय रोज महतारी वंदन योजना की हितग्राहियों से कर रहे बात

## महिलाओं ने कहा- इसकी मदद से अपनी छोटी-छोटी जरूरतें कर रहे पूरी

**रायपुर।** एक तरफ प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ताबड़तोड़ चुनावी सभाओं में व्यस्त हैं. हर दिन दो से तीन सभाएं ले रहे हैं. संगठन और पार्टी की बैठकों में शिरकत कर रहे हैं. चुनावी रणनीति को लेकर देर रात तक बैठकें कर रहे हैं. साथ में फाइलें भी निपटा रहे हैं. वहीं दूसरी तरफ चुनावी व्यस्तता के बावजूद समय निकाल कर महतारी वंदन योजना की हितग्राहियों से मोबाइल पर सीधी बात भी कर रहे हैं।

मुख्यमंत्री लगभग हर दिन चुनावी सभा में जाने के पूर्व कुछ महिला समूहों से मोबाइल पर जुड़ते हैं और उनका हाल-चाल पूछते हैं. साथ ही महतारी वंदन योजना की राशि पहुंचने की जानकारी भी लेते हैं. इसी परिप्रेक्ष्य में मुख्यमंत्री ने बस्तर से लेकर सरगुजा तक की महिलाओं से स्वयं फोन पर बात की और लाभ के बारे में पूछा. जिस पर महिलाओं ने साकारात्मक जवाब दिया और सीएम साय से कहा कि हमें महतारी वंदन का दो किश्त मिल चुका है, जिससे हम अपनी छोटी-छोटी जरूरतें पूरी कर रहे हैं। सीएम साय को योजना के लाभ के लाभ के बारे में बताते हुए महिलाएं अत्यंत खुश लग रही हैं, योजना को निरंतर चलाने का आग्रह मुख्यमंत्री से कर रही हैं।

### कांग्रेसियों के दुष्प्रचार की महिलाओं ने खोली पोल

मुख्यमंत्री को इसी बातचीत के दौरान बस्तर की महिला से पता चला कि कांग्रेसी कार्यकर्ता महतारी वंदन योजना को लेकर भ्रम फैला रहे हैं कि यह योजना लोकसभा चुनाव के बाद बंद हो जाएगी. मुख्यमंत्री को मिला यह फीडबैक उनकी चुनावी सभा में भाषण का अंश बन गया. उन्होंने कोरबा कि सभा में इस पर कहा कि जब तक उनकी सरकार रहेगी तब तक महतारी वंदन योजना बंद नहीं होगी. उन्होंने फोन पर भी महिलाओं को आश्वस्त किया कि अगली बार भी उनकी सरकार बनाइये, योजना का लाभ उसके



बाद भी मिलता रहेगा।

### कांग्रेस सरकार में रोजगार छीनने से परेशान महिलाओं को मिलेगा रोजगार

ऑडियो कॉल में स्व-सहायता समूह की एक महिला ने मुख्यमंत्री से कांग्रेस सरकार के दौरान उनके स्कूल ड्रेस सिलाई के काम को बंद करने, रोजगार छीने जाने की बात कही. जिस पर सीएम साय ने महिला समूह को हर संभव मदद करने की बात कही, उनको पुनः रोजगार दिलाने के लिए आश्वस्त किया. हितग्राहियों से मिल रहे साकारात्मक जवाब से मुख्यमंत्री भी खुश हैं और इसे सरकार के लिए संतुष्टि का विषय बता रहे हैं।

### लोकसभा चुनाव के संबंध में भी कर रहे हैं बात

मुख्यमंत्री आमजनों और महिला समूह की महिलाओं से चुनाव के संबंध में भी बात कर रहे हैं. वो पूछते हैं कि आपके तरफ चुनाव का क्या माहौल है, आपके यहां का भाजपा प्रत्याशी कौन है. जिस पर मुख्यमंत्री को भाजपा के पक्ष में साकारात्मक जवाब मिलता है. सीएम साय लोगों से फोन पर भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में मतदान की अपील भी करते हैं. वो कहते हैं कि मोदी की गारंटी के सभी वादों का लाभ पाने के लिए भाजपा को वोट दें, हमें अपना अमूल्य आशीर्वाद दें.

# नाबालिग बेटी को गर्भवती बनाने वाले सौतेले पिता को हाईकोर्ट ने सुनाई आजीवन कारावास की सजा, पुलिस को गुमराह करने खुद ही लिखाई थी रिपोर्ट




**बिलासपुर।** नाबालिग से किये गए शारीरिक शोषण में डीएनए और एफएसएल टेस्ट में हाईकोर्ट ने आरोपी सौतेले पिता की संलिप्तता पाई. मामले में आरोपी को आजीवन कारावास की सजा को यथावत रखा है. आरोपी ने पुलिस को भटकाने के लिए खुद ही रिपोर्ट लिखाई थी. लेकिन पुलिस ने मामले की वैज्ञानिक तरीके से जांच की थी, जिससे उसे सजा मिली। दरअसल, आरोपी पिता ने अपनी 14 वर्ष की सौतेली बेटी से फिजिकल रिलेशनशिप बना लिया, कई बार शारीरिक संबंध बनाए जाने पर वह गर्भवती हो गई. गर्भ रुकने पर पीड़िता का स्वास्थ्य खराब होने पर उसे मेडिकल कॉलेज में भर्ती किया गया. जांच में यह बात सामने आई कि वह गर्भ से है. इस मामले स्वयं को बचाने आरोपी ने अज्ञात के खिलाफ दुष्कर्म का रिपोर्ट लिखाई थी. नाबालिग अविवाहित लड़की के गर्भवती होने की सूचना पुलिस और बाल कल्याण समिति को दी गई. पीड़िता ने पुलिस और समिति के सदस्यों के सामने सौतेले पिता से संबंध होने की बात कही. पुलिस ने वैज्ञानिक तरीके से मामले की जांच की. डीएनए टेस्ट और रक्त नमूना ले कर एफएसएल जांच कराई गई. जांच रिपोर्ट में सौतेले पिता को ही बच्चे के जैविक पिता होने की जानकारी सामने आई. न्यायालय ने आरोपी की अपराध में संलिप्तता सिद्ध होना पाया. न्यायालय ने डीएनए और एफएसएल रिपोर्ट को महत्वपूर्ण साक्ष्य माना और आरोपी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई. सजा के खिलाफ आरोपी ने हाईकोर्ट में अपील पेश की. चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा और जस्टिस सचिन सिंह राजपूत की डीबी ने आरोपी की अपील को खारिज कर दिया है।

# योगी आदित्यनाथ और प्रियंका गांधी एक ही दिन गरजेंगे राजनांदगांव में

## आचार्य धीरेंद्र शास्त्री की भी ऐसे हो रही इंट्री, हनुमान जन्मोत्सव कार्यक्रम में होंगे शामिल

**रायपुर।** राजनांदगांव लोकसभा सीट के लिए 26 अप्रैल को मतदान होना है. इसके पहले प्रमुख राजनीतिक दल कांग्रेस और भाजपा ने चुनाव प्रचार में पूरी ताकत झोंक दी है. 21 अप्रैल को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जहां भाजपा प्रत्याशी संतोष पांडे के पक्ष में चुनावी आमसभा को संबोधित करेंगे वहीं कांग्रेस प्रत्याशी भूपेश बघेल के लिए प्रियंका गांधी भी इसी दिन एक बड़ी आमसभा को संबोधित करेंगी. दोनों दल आमसभा की तैयारी को लेकर पूरी ताकत के साथ जुटे हुए हैं।



जानकारी के मुताबिक 21 अप्रैल को ही योगी आदित्यनाथ सरोज पांडेय के पक्ष में प्रचार के लिए कोरबा लोकसभा क्षेत्र में भी सभा लेंगे. 22 अप्रैल को सतपाल महाराज की भी चुनावी सभा चिरमिरी में प्रस्तावित है. मिली जानकारी के अनुसार योगी आदित्यनाथ खुज्जी विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले कुमर्दा के सागर ग्राउंड में 21 अप्रैल को दोपहर 12.30 बजे बड़ी आमसभा करेंगे। इसी दिन डोंगरगांव विधानसभा के अंतर्गत आने वाले मोहड़ में कांग्रेस की राष्ट्रीय नेत्री श्रीमती प्रियंका गांधी वाड्रा दोपहर 2 बजे एक बड़ी आमसभा को संबोधित करेंगी. प्रियंका का दौरा कार्यक्रम तय हो चुका है. कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज ने मोहड़ पहुंचकर तैयारियों का जायजा भी ले लिया है। उल्लेखनीय की गत सप्ताह केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह भी खैरागढ़ में एक बड़ी चुनावी आमसभा को संबोधित कर चुके हैं. चुनाव प्रचार के लिए अब कुछ दिन ही शेष रहने के कारण भाजपा और कांग्रेस ने चुनाव प्रचार के आखिरी चरण में पूरी ताकत झोंक दी है। आचार्य धीरेंद्र शास्त्री भी 26 अप्रैल को छत्तीसगढ़ में भाजपा के स्टार प्रचारकों के अलावा बागेश्वर धाम से आचार्य धीरेंद्र शास्त्री भी 26 अप्रैल को छत्तीसगढ़ प्रवास में रहेंगे. बताया गया कि वे भी कोरबा, चिरमिरी के हिन्दुवादी संगठनों द्वारा हनुमान जन्मोत्सव को लेकर आयोजित कार्यक्रमों में भाग लेंगे.

# डिप्टी सीएम विजय शर्मा की सुरक्षा में बड़ी चूक

## पुलिस ग्राउंड की जगह पीडी कॉलेज ग्राउंड में लैंड हुआ हेलीकॉप्टर, अधिकारी रहे गायब



**कवर्धा।** छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा की सुरक्षा में बड़ी चूक हो गई. हेलीकॉप्टर को शहर के पुलिस लाइन लैंड करना था, लेकिन अचानक पीजी कॉलेज ग्राउंड में लैंड कर दिया गया. जब डिप्टी सीएम उतरे तो पीजी ग्राउंड में पुलिस के अधिकारी गायब रहे। डिप्टी सीएम विजय शर्मा बाइक पर बैठकर सांसद प्रत्याशी संतोष पांडेय के निवास पहुंचे. इसको लेकर विजय शर्मा पुलिस प्रशासन पर भड़क गए. बताया जा रहा है कि डिप्टी सीएम जब हेलीकॉप्टर से उतरे तो वहां कोई भी पुलिस अधिकारी मौजूद नहीं थे। बता दें कि इस घटना में हेलीकॉप्टर पायलट की चूक बताया जा रहा है. पायलट ने निर्धारित जगह को छोड़कर दूसरे स्थान पर हेलीकॉप्टर उतार दिया.

# बीजेपी नेता ने कांग्रेस न्याय गारंटी फॉर्म में की छेड़छाड़ और लिखी अपशब्द

## कांग्रेस ने शिकायत कर की कड़ी कार्रवाई की मांग

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के युवा कांग्रेस के प्रदेश सचिव अभिषेक कसार ने भाजपा नेता शरद राठौर के खिलाफ शिकायत की है. जिसमें उन्होंने कांग्रेस न्याय गारंटी फार्म में छेड़छाड़ और अपशब्द लिखकर सोशल मीडिया पर पोस्ट करने का आरोप लगाया है. कसार ने इसके खिलाफ रायपुर कोतवाली थाने में कड़ी कार्रवाई की मांग की है. अभिषेक कसार ने बताया कि कांग्रेस पार्टी के ऐतिहासिक न्याय गारंटी पत्र आने के बाद जनता में भारी उत्साह है. भाजपा के नेता अपनी हार देख कर बौखला गए हैं और ऐसा दुष्प्रचार कर रहे हैं. इस मौके पर शहर जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष दिनेश ठाकुर, महामंत्री प्रवीण चंद्राकर, ब्लॉक अध्यक्ष अरुण जंघेल, युवा कांग्रेस रायपुर जिला महासचिव राहुल तिवारी, मोहसीन खान उपस्थित थे।

# रायपुर कलेक्टर और इस अधिकारी को हाईकोर्ट से अवमानना का नोटिस जारी करने का आदेश

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के आदेश के बावजूद रायपुर कलेक्टर व खाद्य नियंत्रक द्वारा राशन दुकानदार के खिलाफ आपराधिक कार्रवाई नहीं करने को लेकर उच्च न्यायालय ने न्यायिक अवमानना का नोटिस जारी करने का आदेश दिया है. निर्धारित समय-सीमा में जवाब देने के बाद कलेक्टर और खाद्य नियंत्रक रायपुर के विरुद्ध कार्यवाही किए जाने का उल्लेख उच्च न्यायालय ने किया है. इस संबंध में एक प्रिंट मीडिया से बातचीत में कलेक्टर गौरव सिंह व खाद्य नियंत्रक अरविंद दुबे ने कहा है कि फिलहाल हाईकोर्ट द्वारा न्यायिक अवमानना नोटिस दिए जाने की जानकारी नहीं उन्हें नहीं है। उक्त मीडिया रिपोर्ट में अधिवक्ता जितेंद्रनाथ नंदे के हवाले से बताया गया है कि शिकायतकर्ता मधुसूदन मिश्रा द्वारा शासकीय उचित मूल्य दुकान के विरुद्ध जिला स्तर पर शिकायत किए जाने पर तत्कालीन कलेक्टर रायपुर के निर्देश पर जांच किए जाने पर गंभीर अनियमितता पाई गई थी. तत्कालीन कलेक्टर रायपुर ने जांच के बाद प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज किए जाने के निर्देश




दिए थे. इस जांच के बाद खाद्य संचालनालय स्तर पर जांच दल बनाकर उच्च स्तरीय जांच करवाई गई, उसमें भी गंभीर अनियमितता पाए जाने पर कार्यवाही नहीं की जा रही थी. संचालनालय स्तर पर चार महीने तक कोई कार्यवाही नहीं किए जाने पर शिकायतकर्ता मधुसूदन मिश्रा ने उच्च न्यायालय बिलासपुर में याचिका दायर की, जिसमें शासकीय उचित मूल्य दुकानदार के विरुद्ध कार्यवाही के निर्देश दिए गए थे। रायपुर में पदस्थ प्रभारी खाद्य नियंत्रक द्वारा कार्यवाही नहीं किए जाने की शिकायत पर अनुविभागीय अधिकारी रायपुर सहित सहायक खाद्य अधिकारी और दो अन्य खाद्य निरीक्षकों का दल बनाकर उच्च न्यायालय के आदेश के संबंध में अभिमत लेने के लिए दल बनाया गया. इससे व्यथित होकर शिकायतकर्ता मधुसूदन मिश्रा द्वारा अधिवक्ता जितेंद्र नाथ नंदे के माध्यम से उच्च न्यायालय बिलासपुर में न्यायिक अवमानना की याचिका क्रमांक 434/2024 दायर की गई, जिसमें उच्च न्यायालय बिलासपुर ने अवमानना के मामले को गंभीरता से लेते हुए अपने आदेश में कलेक्टर रायपुर गौरव सिंह और खाद्य नियंत्रक रायपुर अरविंद दुबे को न्यायिक अवमानना का नोटिस जारी करने का आदेश दिया है. दोनों अधिकारियों द्वारा जवाब दिए जाने के बाद आगे की कार्यवाही होने का उल्लेख न्यायिक आदेश में है।

# एफएसटी टीम ने की बड़ी कार्रवाई, व्यापारी की कार से साढ़े 11 लाख कैश जब्त

**सक्ती।** जिले में एफएसटी की टीम ने बड़ी कार्रवाई की है. एफएसटी टीम ने यहां एक व्यापारी की कार से साढ़े 11 लाख रुपए बरामद किए हैं. लोकसभा चुनाव के मद्देनजर वाहनों की चेकिंग के दौरान यह कार्रवाई की गई। बताया जा रहा है कि चांपा के व्यापारी अनूप कुमार अग्रवाल अपनी कार से रकम लेकर रायगढ़ की ओर जा रहे थे. इसी बीच लोकसभा चुनाव के मद्देनजर जिले के बॉर्डर एरिया में स्थापित स्नस्ञ्च चेक प्वाइंट में कार की तलाशी ली गई. इसमें व्यापारी के कार की सीट के नीचे एक बैग से साढ़े 11 लाख रुपए नगद पाए गए. अधिकारियों ने रुपए के संबंध में कागजात मांगे मगर मौके पर व्यापारी के पास कोई दस्तावेज मौजूद नहीं थे. फिर एफएसटी टीम के अधिकारियों ने रुपए जब्त कर आयकर विभाग को सौंप दिया है।

अपना खुद का न्यूज पोर्टल बनवाएं
पूर्ण Registration के साथ
+91 9303890212



# बस्तर लोकसभा के 11 प्रत्याशियों की किस्मत इवीएम में कैद

## शाम 5 बजे तक 63.41 प्रतिशत हुई वोटिंग, अंतिम आंकड़ा आना शेष




**रायपुर।** लोकसभा चुनाव 2024 के पहले चरण में देश के 21 राज्यों की 102 सीटों पर शुक्रवार को मतदान हुआ. छत्तीसगढ़ की एक मात्र बस्तर सीट में भी आज सुबह 7 बजे से वोटिंग शुरू हो गई थी. संवेदनशील इलाकों में सुबह 7 बजे से दोपहर 3 बजे तक और सामान्य इलाकों में सुबह 7 बजे से 5 बजे तक मतदान का समय निर्धारित किया गया था. बस्तर लोकसभा क्षेत्र के लिए अब मतदान का समय समाप्त हो गया है। अब भी कई मतदान केन्द्र के बाहर लोगों की लाइन लगी हुई है. वहीं निर्वाचन आयोग ने शाम 5 बजे तक के वोटिंग परसेंटेज जारी कर दिए हैं. निर्वाचन आयोग की ओर से जारी आंकड़े के मुताबिक बस्तर लोकसभा में अब तक 63.41 प्रतिशत मतदान हुआ है। इसमें अब तक सबसे ज्यादा मतदान बस्तर विधानसभा में 72.81 प्रतिशत हुआ है. वहीं सबसे कम मतदान बीजापुर विधानसभा क्षेत्र में 41.62 प्रतिशत हुआ है।

### विधानसभावार वोटिंग प्रतिशत

| | |
|---|---|
| बस्तर - 72.81 प्रतिशत | महेशराम कश्यप (बीजेपी) |
| बीजापुर - 41.62 प्रतिशत | नरेंद्र बुरका (हमरराज पार्टी) |
| चित्रकोट - 73.49 प्रतिशत | कवलसिंह बघेल (राष्ट्रीय जनसभा पार्टी) |
| दंतेवाडा - 67.02 प्रतिशत | आयतूराम मंडावी (बहुजन समाज पार्टी) |
| जगदलपुर - 65.04 प्रतिशत | फूलसिंग कचलाम (सीपीआई) |
| कोंडागांव -72.01 प्रतिशत | शिवराम नाग (सर्व आदि दल) |
| कोंटा - 51.19 प्रतिशत | सुंदर बघेल (निर्दलीय) |
| नारायणपुर - 62. 28 प्रतिशत | टीकम नागवंशी (गोड़वाना गणतंत्र पार्टी) |
| बस्तर से ये 11 प्रत्याशी इस बार मैदान में | जगदीश प्रसाद नाग (आजाद जनता पार्टी) |
| कवासी लखमा (इंडियन नेशनल कांग्रेस) | प्रकाश कुमार गोटा (स्वंतत्र दल) |





## बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंहदेव समेत बस्तर आईजी और आयुक्त ने डाला वोट

### लोगों से की ज्यादा से ज्यादा मतदान करने की अपील, फोटो न्यूज में किरण सिंहदेव वोट, आईजी वोट

**रायपुर।** लोकसभा चुनाव 2024 के पहले चरण में बस्तर लोकसभा क्षेत्र में मतदान हो रहा है. यहां सुबह 7 बजे से मतदान शुरू हो गया है. लगातार लोग बढ़-चढ़कर अपने मताधिकार का प्रयोग कर रहे हैं. इस बीच भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और जगदलपुर विधायक किरण सिंहदेव समेत बस्तर आईजी और संभाग आयुक्त ने मतदान केन्द्र पहुंचकर वोट डाला. साथ ही लोगों से ज्यादा से ज्यादा मतदान करने की अपील की। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंहदेव ने लोकतंत्र के पर्व को हर्षो उल्लास के साथ मनाते हुए आज बस्तर लोकसभा में हो रहे चुनाव में सपरिवार अपना मतदान कर सभी से मतदान करने की अपील की। वहीं बस्तर रेंज पुलिस महानिरीक्षक सुन्द्रराज पी और संभाग आयुक्त श्याम धावड़े ने बस्तर के हाटकचोरा मतदान केन्द्र पहुंचकर मतदान किया. इस दौरान सुन्द्रराज पी ने क्षेत्र के मतदाता से अपिल किया कि बस्तर क्षेत्र की शांति, सुरक्षा और विकास के लिए लोकतंत्र के व्यवस्था को मजबूत करना हम सबकी संयुक्त जिम्मेदारी है. इस जिम्मेदारी को निभाने के लिए सभी मतदाता अपने मतदान केन्द्र तक पहुंचे और अपने मताधिकार का प्रयोग करें।

## नक्सलियों की धमकी से लोगों में दहशतः बस्तर के पूवर्ती मतदान केंद्र में नहीं पड़ा एक भी वोट




**सुकमा।** लोकसभा चुनाव के पहले चरण में कड़ी सुरक्षा के बीच देशभर की 102 सीटों पर मतदान जारी है. इनमे शामिल छत्तीसगढ़ की नक्सल प्रभावित बस्तर लोकसभा सीट पर भी लोग कड़ी सुरक्षा के बीच मतदान कर लोकतंत्र के इस महापर्व में भाग ले रहे है. निर्वाचन आयोग की ओर से जारी आंकड़े के मुताबिक बस्तर लोकसभा में अब तक 58.14 प्रतिशत मतदान हुआ है. वहीं, बस्तर का एक ऐसा मतदान केंद्र भी है जहां एक भी वोट नहीं पड़ा. इसकी हैरान कर देने वाली वजह भी सामने आई है. दरअसल, बस्तर लोकसभा क्षेत्र के सुकमा जिले में स्थित खूंखार नक्सली हिड़मा का गांव पूवर्ती सुरक्षा के लिहाज से अति संवेदनशील इलाका माना जाता है, जिसके चलते जिला प्रशासन द्वारा पूवर्ती बूथ को सिलगेर शिफ्ट कर कड़े सुरक्षा के इंतजाम किए गए थे. बावजूद इसके लोग मतदान करने नहीं पहुंचे. बता दें कि विगत 3 दशक से इस गांव के लोग मतदान में हिस्सा नहीं ले रहे हैं, क्योंकि नक्सली मतदान करने वाले ग्रामीणों की उंगली काट देते थे. हाल ही में इस क्षेत्र में सुरक्षाबल के जवानों ने कैंप खोला है. इलेक्शन कमीशन ने यहां के लोगों को मतदान करने के बाद हाथ में स्याही नहीं लगाने का निर्देश भी दिया है उसके बाद भी सुबह से अभी तक इस गांव के एक भी मतदाता ने मतदान नहीं किया है. जानकारी के मुताबिक, हिड़मा के गांव पूवर्ती में 547 मतदाता है. आम दिनों में लोगों से गुलजार रहने वाले इस गांव में चुनाव के दिन पूरी तरह से सन्नाटा पसरा हुआ है. नक्सलियों ने यहां जगह-जगह पर चुनाव बहिष्कार के नारे लिखे पोस्टर्स लगाए हुए है।

## बस्तर में मतदान के बीच के दुखद घटना, यूबीजीएल सेल फटने से घायल सीआरपीएफ जवान की मौत



**बीजापुर।** बस्तर लोकसभा में हो रहे प्रथम चरण के मतदान के बीच दुखद घटना घटी है। उसूर थाना क्षेत्र में यूबीजीएल सेल फटने से घायल हुए सीआरपीएफ का जवान की मौत हो गई है. वहीं गलगम की घटनास्थल के निरीक्षण और जांच के लिए एक्सपर्ट की टीम रवाना किया गया है. मृतक सीआरपीएफ आरक्षक देवेन्द्र कुमार (32 वर्ष) निवासी धोबीगुड़ा, जिला बस्तर के समस्त कार्रवाई के बाद उनका अंतिम क्रियाकर्म गृहग्राम धोबीगुड़ा में कल यानी 20 अप्रैल को किया जाएगा. मिली जानकारी के अनुसार, आज बीजापुर अंतर्गत थाना उसूर के सुरक्षा कैम्प गलगम क्षेत्र में एरिया डॉमिनेशन की कार्रवाई के दौरान दुर्घटनावश क्लनरु सेल के विस्फोट हो जाने से सीआरपीएफ 196वीं वाहिनी के आरक्षक देवेन्द्र कुमार घायल हो गया. घायल जवान जो बेहतर ईलाज के लिए एयर एम्बुलेंस की मदद से जगदलपुर मेडिकल कॉलेज लाया गया. लेकिन ईलाज के दौरान जवान की मौत हो गई.

# नक्सल क्षेत्र में जीता लोकतंत्र, सुरक्षा बल के प्रहार से नक्सलगढ़ में बदली चुनावी दिशा




**जगदलपुर।** प्रदेश की प्रथम चरण के चुनाव में एकमात्र बस्तर लोकसभा सीट पर 67 प्रतिशत मतदान के साथ बस्तर ने नक्सलतंत्र को धत्ता दिखाते हुए लोकतंत्र को जिताने में पूरी ताकत झोंक दी। पिछले लोकसभा चुनाव के मुकाबले सुरक्षा बल के शौर्य से बस्तर में नक्सली बैकफुट पर है। अब सुरक्षा के साये में बदली परिस्थिति में बस्तर में चुनाव हो रहा है तो इस बार नक्सली पूरी तरह से अप्रभावी दिखाई दिए।

सूरज की तपिश से 42 डिसे पर जा चुका पारा भी मतदाताओं के उत्साह से उत्पन्न लोकतंत्र के सूर्य के तेज को कम नहीं कर सका। शहर से लेकर गांव तक बस्तर में लोकतंत्र महापर्व में मतदाताओं ने सहभागिता दिखाकर लोकतंत्र को सशक्त बनाने कोई कमी नहीं रखी। प्रदेश में सत्ता परिवर्तन के बाद पिछले तीन माह में सुरक्षा बल ने नक्सलियों के आधार क्षेत्र में 20 नये कैंप स्थापित कर वहां से नक्सलियों के विरुद्ध आक्रामक प्रहार किया है। तीन माह की अवधि में नक्सलियों के गढ़ में घुसकर 80 नक्सलियों को ढेर कर दिया, जिसका प्रभाव इस बार चुनाव में दिखाई दे रहा है। कांकेर जिले के छोटेबेठिया में नक्सलियों के उत्तर बस्तर डिवीजन के परतापुर एरिया कमेटी के 29 नक्सलियों को मार गिराने व बीजापुर में पश्चिम बस्तर डिवीजन के गढ़ नेंड्रा व कोरचोली में गंगालूर एरिया कमेटी के कंपनी नंबर दो के साथ हुए मुठभेड़ में 13 नक्सलियों को ढेर करने की घटना ने ग्रामीणों के मन में बैठे नक्सली भय को समाप्त कर दिया। नक्सलगढ़ में सुरक्षा बल पर भरोसा बढ़ा है और लंबे समय से चुनाव के दौरान घर में दुबके रहने वाले ग्रामीणों ने इस बार खुलकर लोकतंत्र पर भरोसा जताया है।

### जहां से नक्सली जारी करते थे फरमान, वहां भी पड़े मत

बस्तर में नक्सलियों के सबसे मजबूत गढ़ कुख्यात नक्सली हिड़मा के गांव पूवर्ती नक्सल संगठन का केंद्र बिंदु था, जहां से नक्सली चुनाव बहिष्कार का फरमान जारी करते थे। 40 वर्ष तक नक्सलियों के प्रभाव में रहे इस गांव में दशकों से किसी ने मतदान नहीं किया था। दो माह पहले इस गांव में सुरक्षा बल का कैंप स्थापित करने के बाद पहली बार पूवर्ती के ग्रामीणों के लिए सिलगेर में विस्थापित मतदान केंद्र खोला गया, जहां पूवर्ती के 33 ग्रामीण सात किमी चलकर पहुंचे और नक्सलतंत्र को छोड़कर लोकतंत्र को जीताने का मार्ग प्रशस्त कर, यह बता दिया कि बस्तर में नक्सलियों के अब गिनती के दिन ही बाकी हैं। सिलगेर के चुक्का (परिवर्तित नाम) ने बताया कि सुरक्षा बल के आने के बाद ग्रामीणों में लोकतंत्र के प्रति भरोसा बढ़ा है। ग्रामीण गांव में स्कूल, शिक्षा, सड़क, बिजली, अस्पताल, राशन की सुविधा चाहते हैं।



## बस्तर की जनता ने बुलेट नहीं बैलेट को चुनाः ओपी चौधरी

### बीजेपी के प्रेस कांफ्रेंस में वित्त मंत्री चौधरी ने 11 सीटें जीतने का किया दावा

**रायपुर।** भाजपा प्रदेश में शुक्रवार को वित्तमंत्री ओपी चौधरी ने प्रेस कांफ्रेस ली. पत्रकारवार्ता में उन्होंने छत्तीसगढ़ में 11 में ग्यारह सीटें जीतने का दावा किया है. इसके साथ ही कहा कि बस्तर की जनता ने आज प्रथम चरण के चुनाव में बुलेट को नहीं बैलेट को चुना है. इसके अलावा पत्रकारवार्ता में वित्त मंत्री ने कहा कि कांग्रेस, सेना के जवानों का मनोबल गिरने का काम कर रही है. छत्तीसगढ़ में 29 नक्सली एनकाउंटर में मारे गए. इस पर पूर्व सीएम भूपेश बघेल, कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज और राष्ट्रीय प्रवक्ता सुप्रिया ने सवाल खड़ा किए है और नक्सलियों को शहीद बताया है. ये हमारे जवानों का अपमान है. इसके लिए पूरी कांग्रेस पार्टी को माफी मांगनी चाहिए। उन्होंने कहा कि नक्सलियों ने भी मारे जाने की बात को लेटर जारी कर स्वीकार किया है. कांग्रेस के लोग एयर स्ट्राइक, सर्जिकल स्ट्राइक का भी सबूत मांगते हैं. कांग्रेस के पास कोई विजन नहीं रह गया है. इसलिए जनता पूरे देश में कांग्रेस को नकार रही है. न कांग्रेस के पास नेतृत्व है, न नारी चेहरा है और न ही विजन हैं।

**60 लाख महिलाओं को महतारी वंदन योजना से लाभ-** उन्होंने कहा कि प्रदेश में साय की सरकार ने लगातार जनहित का काम किया है. 60 लाख महिलाओं को महतारी वंदन योजना से फायदा पहुंचाया और सशक्त बनाया है. धान खरीदी, बोनस देना किसान हित में फैसला लिया गया है. ओपी चौधरी ने कहा कि छत्तीसगढ़ के भांजा श्रीराम हैं. अयोध्या दर्शन के लिए हम योजना चला रहे हैं. जनता के लिए कई जनहितकारी योजना संचालित की जा रही है. 29 नक्सलियों को ढेर करने के बाद भारतीय जनता पार्टी के सरपंच की हत्या की गई. हीडमा गांव में भी मतदान हुआ है. बस्तर जैसी जगह में बुलेट की जगह जनता ने बैलेट को चुना है. ये सभी पीएम मोदी के कारण संभव हुआ है. लोकतंत्र में जनता ही असली मालिक होती हैं, उन्हीं के आशीर्वाद से तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बनेंगे. इसलिए छत्तीसगढ़ की जनता-जनार्दन ग्यारह की 11 सीटों पर भाजपा की जीता रही है।

स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक जितेन्द्र जायसवाल द्वारा जायसवाल प्रिंटिंग प्रेस राघवपुरी, डीगमा, अम्बिकापुर, छत्तीसगढ़ से प्रकाशित एवं मुद्रित। संपादक जितेन्द्र जायसवाल। मो.नं.-09424262547